प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केन्द्र सरकार का फैसला, एससी–एसटी में क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं होगा लागू।

2- केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी, शहरी निर्धन और मध्य वर्गीय परिवारों के लिए एक करोड़ आवास बनाए जाएंगे।

3- मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने झारखंड, बिहार, छतीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओडिसा समेत सात राज्यों को जोड़ने वाली आठ रेल परियोजनाओं को दी स्वीकृति।

4- पेरिस ओलिम्पिक में पहलवान अमन सहरावत कांस्य पदक जीतकर भारत के सबसे कम उम्र के ओलिम्पिक पदक विजेता बने।

5- रांची के बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में डीसी और एसएसपी के नेतृत्व में की गयी छापेमारी, कई आपत्तिजनक चीजें बरामद।

****

केन्द्रीय कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय सचूना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय की हाल की टिप्पणी पर विस्तृति चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की सुविचारित राय है कि एनडीए सरकार बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गये संविधान के प्रावधानों के प्रति वचनबद्ध है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024–25 से 2028–29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने की भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे।
श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का भी प्रावधान है।

****

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इन पर 24 हजार छह सौ 57 करोड़ रुपये की लागत आने की अनुमान है। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएं झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत सात राज्यों के चौदह जिलों को कवर करेंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से आकांक्षी जिलों और जनजातीय क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार से प्रदेश में पेसा कानून शीघ्र लागू करने का आग्रह किया है। झारखंड आदिवासी महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री गंगवार ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड पूरे देश में एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां जनजातीय समुदाय की पारंपरिक शासन व्यवस्था कायम नहीं है।

****

गुमला जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत् अब तक कुल 24 हजार 5 सौ 14 आवेदन प्राप्त किए गए हैं।

****

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

****

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आज सुबह होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान गांजा, खैनी, गुटखा और एक पेन ड्राइव बरामद किया गया।

****

राज्य के नौ जिलों में आज से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम शुरु हो गया है। इनमें चतरा, गोड्डा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार एवं दुमका शामिल हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने लोगों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

****

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, दुमका, गोड्डा और साहिबगंज के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कई जगहों पर वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है।

*******समाप्त*************